आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.07.2025 / 11:00बजे

प्रादेशिक समाचार सुनिए

इस्तीफा

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य प्राथमिकता और चिकित्सा परामर्श का पालन करते हुए उन्होंने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति के निरंतर सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मंत्रि परिषद के प्रति भी कृतज्ञता की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सहयोग और समर्थन अमूल्य रहा है और उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान बहुत कुछ सीखा है। धनखड़ ने कहा कि इस महान लोकतंत्र में उप राष्ट्रपति के रूप में मिले अमूल्य अनुभवों और विचारों के लिए वे बहुत आभारी हैं।

मौसम

प्रदेश में मानसून की वर्षा का क्रम आज भी रूक–रूककर जारी है। लगातार हो रही वर्षा प्रदेश के लोगों के लिए आफत बनी हुई है। बारिश के चलते जगह–जगह हुए भू–स्खलन से तीन राष्ट्रीय राजमार्गो सहित 432 सड़कें अभी भी यातायात के लिए बंद है जबकि 5 सौ 34 बिजली ट्रासफार्मर और 197 पेयजल योजनाएं भी बाधित हैं। इसके अलावा किन्नौर जिला की धार्मिक व पवित्र किन्नर कैलाश यात्रा को आगामी आदेशों तक रोक दिया गया है। मौसम विभाग के भारी वर्षा के अलर्ट को देखते हुए मंडी जिले के उपमंडल थुनाग, करसोग और निहरी तहसील के तहत आने वाले सभी शैक्षणिक संस्थानों में आज अवकाश घोषित किया गया है। मानसून की भारी वर्षा से आपदा जैसी घटनाओं में अब तक मरने वालों का आंकड़ा 132 तक पहुंच गया है। जबकि 34 लोग अभी भी लापता हैं। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है।

सुखविंद्र–जयराम

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मौजूदा स्थिति के दृष्टिगत अधिकारियों को सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जरूरी प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा को देखते हुए आवश्यक सेवाओं को सुचारू करने में तेजी लाई जाए। दूसरी ओर विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि मंडी जिला में मानसून की इस वर्षा ने भारी तबाही मचाई है और सिराज विधानसभा क्षेत्र में लोग आपदा के 20 दिन बाद भी अस्थायी जीवन व्यतीत कर रहे हैं। शिमला में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि सरकार को राहत और पुनर्वास कार्यों में

तेजी लानी होगी। इस दौरान जयराम ठाकुर ने बादल फटने की घटनाओं के कारणों का अध्ययन करने की जरूरत पर भी बल दिया।

## पुनरीक्षण अभियान

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण एस.आई.आर. अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसमें गणना प्रपत्र भरने की अंतिम तिथि 25 जुलाई, 2025 निर्धारित की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के एक प्रवक्ता ने बताया कि बिहार के जो मतदाता वर्तमान में अस्थायी रूप से हिमाचल प्रदेश में रह रहे हैं, वे एस.आई.आर क लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। मतदाता 1950 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके या नजदीकी निर्वाचन कार्यालय जाकर भी सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

## सीबीएसई–सीसीटीवी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी बी एस ई ने विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए अपने सभी विद्यालयों में ऑडियो–विजुअल रिकॉर्डिंग वाले उच्च क्षमता के सी सी टी वी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया है। नए मानदंडों के अनुसार, प्रवेश और निकास द्वार, गलियारों, सीढ़ियों, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, कैंटीनों, खेल के मैदानों और शौचालयों को छोड़कर अन्य सामान्य क्षेत्रों में कैमरे लगाए जाएँगे। कैमरों में रीयल–टाइम रिकॉर्डिंग और कम से कम 15 दिनों का डेटा उपलब्ध रहेगा जिसका उपयोग आवश्यकता के अनुसार किया जा सकेगा। इस संबंध में कल जारी एक अधिसूचना में, सी बी एस ई ने अपने नियमोंमें संशोधन की घोषणा की।

## कीर्तिमान

अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान मनाली के अनुदेशक गिमनर सिंह ने 6 हजार 81 मीटर की ऊंचाई पर उड़ान भर कर पैराग्लाइडिंग के क्षेत्र  में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। संस्थान के निदेशक अविनाश नेगी ने बताया कि गिमनर सिंह ने ग्रेटर हिमालय झाँसकर पर्वतमाला शींकून ईस्ट चोटी पर ये उड़ान भरी। उन्होंने बताया कि 60 पर्वतारोहियों के इस दल में 7 महिला पर्वतारोही भी शामिल रही। अविनाश नेगी ने कहा कि  इस अभियान से पर्यटन के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित होंगे व इस तरह के आयोजन से एक्सट्रीम एडवेंचर स्पोर्ट्स को बढ़ावा मिलेगा।